## केन्द्रीय सूचना आयोग

Central Information Commission
द्वितीय तल, ब विंग,अगस्त क्रान्ति भवन
2nd Floor, B-Wing, August Kranti Bhawan
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110 066
Bhikaji Cama Place, New Delhi – 110 066

**दिनांकः 19.07.2017**

**पंजीकरण संख्याः CICOM/R/2017/00752**

सेवा में

**श्री श्री सतपाल शर्मा**
**बी–229, फेस–1, सेक्टर–3,**
**द्वारका, नई दिल्ली।**
**पिन–110 078**

**विषयः सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत प्रेषित आपका आवेदन।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित दिनांक 25.01.2017 के आपके आवेदन के संदर्भ में वांछित सूचना अग्रांकित हैः–

1. आयोग की प्रश्नगत संचिका संख्या CIC/SA/A/2015/001886 में उपलब्ध सूचना के अनुसार, आयोग के डायरी क्रमांक 162806 दिनांक 19.08.2016 से चिह्नित कोई भी पत्र संचिका में उपलब्ध नहीं है। हालांकि डायरी क्रमांक 162804 दिनांक 09.08.2016 का आपका एक पत्र इसमें अवश्य संलग्न है, जिसमें आयोग के आदेश के अनुपालन में दिल्ली मेडिकल कौन्सिल द्वारा कोई भी कारवाई नहीं किये जाने की शिकायत की गयी है।
2. आपके उक्त अनुपालना की शिकायत के संदर्भ में यह अवगत कराना है कि आयोग के दिनांक 18.03.2015 के आदेश के अनुपालन में प्रतिवादी पक्ष, दिल्ली मेडिकल कौन्सिल की तरफ से एक अनुपालना रिपोर्ट आयोग में प्राप्त हुई है, जो मूल रूप में आपको संबोधित और आयोग को पृष्ठांकित की गयी है। इसकी प्रति इस पत्र के साथ आपके अवलोकनार्थ संलग्न किया जाता है।

उपरोक्त के आलोक में मांगी गई शेष सूचना अप्रासंगिक है।

अगर आप जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, आप प्रस्तुत पत्र की प्राप्ति से 30 दिनों के अंदर श्री आर0 के0 सिंह, अपर सचिव–सह–प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग के समक्ष उपर उल्लिखित पते पर प्रथम अपील दाखिल कर सकते हैं।

**(आर0 पी0 ग्रोवर)**
सीपीआईओ–सह–उप–पंजीयक (आई.सी. वाई.ए.)